क्यों करते हो तेरा मेरा

क्यों करते हो तेरा मेरा, कोई ना साथ में जाएगा, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा ।

पुण्य की गगरी खाली तेरी, पापों की गठरी भर ली, छोड़ के राम नाम को तूने, रुपयों की माला है जप ली, कर्म की लाठी होगी हाथ में, सब कुछ यहीं रह जाएगा, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा ।

मानव जीवन मिला तुझे, व्यर्थ में इसको गंवाता है, मोहमाया के जंगल में तू, क्यों इतना भटकाता है, अब भी वक्त सम्भल जा भैया, बाद में तू पछताएगा, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा ।

भाई बंधू कुटुंब कबीला, सब में उलझे रहते हो, राम नाम आधार जीवन का, उससे दूर ही रहते हो, साथ ना देगी जब काया, कोई ना हाथ बढ़ाएगा, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा ।

प्राण निकलने से पहले, अपने हिसाब लगाएंगे, मिलने 'अर्चा' कोई ना आता, हिस्सा नाम कराएंगे, अपना ही लूटेगा तुझको, अपना आग लगाएगा, Bhajan Diary Lyrics, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा।

क्यों करते हो तेरा मेरा, कोई ना साथ में जाएगा, राम नाम भजले रे बन्दे, अंत समय संग जाएगा।